कार्यालय, महात्मा गाँधी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) टीकापट्टी, कटिहार

कोटेशन आमंत्रण सूचना

ज्ञापांक 155 /टीकापट्टी, दिनांक 03/08/2021

निदेशक शोध एवं प्रशिक्षण, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–274/दिनांक–29.07.2021 के निदेशानुसार महात्मा गाँधी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) टीकापट्टी, कटिहार में अकादमिक सत्र – 2021–23 के डी.एल.एड. कोर्स के नामंकन की प्रक्रिया ऑनलाईन द्वारा दिनांक–18.08.2021 से प्रारंभ की जानी है।

ऑनलाईन आवेदन हेतु आवेदन का प्रतिदिन संधारण, समेकित मेधा सूची, कोटिवार मेधा सूची, नामंकन सूची (अंतिम नामांकन तक) का संधारण, प्रकाशन, वेबसाईट पर प्रेक्षण, अभ्यर्थी को उनके ईमेल एवं संबंधित मोबाईल पर सूचना प्रेषण, महाविद्यालय के खाते में आवेदन शुल्क को जमा करना इत्यादि का कार्य किया जाना है।

ऑनलाईन आवेदन फॉर्म प्राप्ति से लेकर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने तक में होने वाले व्यय प्रति अभ्यर्थी की दर से 18% GST के साथ कोटेशन सीलबंद लिफाफे में प्राचार्य, महात्मा गाँधी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) टीकापट्टी, कटिहार, पिन नं0– 854101 के पते पर निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट अथवा हाथों हाथ कार्यालय अवधि में आमंतित्र की जाती है।

कोटेशन संबंधी दिशा–निर्देश निम्नवत है :–

1. कोटेशन प्रति अभ्यर्थी की दर से GST के साथ देना अनिवार्य है।
2. कोटेशन दाता कोटेशन के साथ संस्थान का पंजीयन संख्या GST NO. संस्थान का पैन नम्बर एवं संचालक का आधार नं0 संलग्न करना आवश्यक है।
3. Agency का गत वर्ष का Income Tax Return कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
4. महाविद्यालय में कोटेशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक– 11.08.2021 शाम 03:00 बजे तक निर्धारित है।
5. निर्धारित तिथि तक सील बंद लिफाफे में प्राप्त कोटेशन दिनांक– 12.08.2021 को 02:00 बजे अपराह्न में प्राचार्य के कार्यालय कक्ष में गठित आन्तरिक समिति के सदस्यों के समक्ष खोला जायेगा। सबसे कम दर वाले कोटेशन दाता/एजेंसी के साथ अनुबंध कर कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

   उपरोक्त अवधि एवं समय में कोटेशन दाता स्वंय अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं।
6. यदि न्यूनतम दर देने वाले कोटेशन दाता/एजेंसी के साथ अनुबन्ध किसी कारणवश नहीं हो पाता है तो उसके बाद कम दर देने वाले एजेंसी का चयन कर अनुबन्ध किया जायेगा।

विस्तृत सूचना महाविद्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। कोटेशन को बिना किसी कारण रद्द करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेगा।

03/8/2021

प्रभारी प्राचार्य
डायट टीकापट्टी, कटिहार।

प्राचार्य
महात्मा गाँधी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट)
टीकापट्टी, कटिहार
03/08/2021